Tital Code. : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सुविचार
हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

वर्ष-1 अंक-7 सागवाड़ा, बुधवार, 1 सितम्बर, 2021 विधः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## अंहकार की बढती भूख ,पतन का कारण बनती -आचार्य अनुभव सागर

**सागवाड़ा।**

दिगंबर जैन आचार्य अनुभव सागर महाराज ने जैन बोर्डिंग स्थित वात्सल्य सभागार में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा है कि जब निकली हुई सांस को वापस लाया नहीं जा सकता तो फिर अंहकार और घमंड किस बात पर किया जाता है। जो अंहकार को छोड़कर सरलता से जीवन का व्यतीत करता है उसे कभी किसी के सामने झुकना नहीं पड़ता है।

क्षणिक सुख और सम्मान को पाकर प्रकार जब अंहकार की भूख बढ़ जाती है तो यही भूख पतन का कारण बनती है ।पाप और पतन दोनों ही एक दूसरे के पर्याय हैं जहाँ घमंड एवं अहंकार होगा वहाँ पर निश्चित तौर पाप कर्म की प्रबलता होगी।उन्होंने कहा कि समय काल और परिस्थितियों तथा वर्तमान के हालातों के अनुसार व्यवहार किया जाना उचित है लेकिन मर्यादा और संयम का पालन नहीं करना मानवीय धर्म के प्रतिकूल है ।

उन्होंने कहा है कि गुब्बारे चंद सांसों को पाकर फूल जरूर जाते हैं और अपनी औकात को भूल आसमान में उड़ भी जाते हैं लेकिन जब उनकी हवा निकलती है तब उसका हश्र नष्ट होने के सिवा कुछ नहीं होता है ।

चांद निकला है तो सूरज भी निकलेगा पर जहां राग, विकार और अंहकार समाया हुआ हो वहां अंधियारो में जीवन की रोशनी को ढूंढना बेकार है।उन्होंने धर्मसभा में आदर्श गुणों के साथ सत्कर्म करते हुए धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान कर कहा कि आत्मज्ञान से कल्याण और सार्थकता के मार्ग पर आगे बढ़कर जीवन मे सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।

गुरु पूजा एवं पाद प्रक्षालन का लाभ अशोक कुमार , आदित्य राकेश कुमार दिनेश कुमार गोवाडीया तथा महेंद्र जैन परिवार मुंबई ने प्राप्त किया ।

## होटल पर पथराव किया साथ ही अन्दर भी जमकर तोड़फोड़ की

# तीजवड स्थित एक होटल पर दो दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने किया हमला

**डूंगरपुर।**

जिले के सदर थाना क्षेत्र के तीजवड स्थित एक होटल पर बीती रात दो दर्जन हथियारबंद बदमाशो ने हमला बोल दिया। इस दौरान बदमाशो ने होटल पर पथराव किया साथ ही होटल के अन्दर भी जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान होटल के स्टाफ व ग्राहकों ने भागकर अपनी जान बचाई । मामले के अनुसार होटल मालिक व बिलडी सरपंच पति के बीच कोई विवाद चल रहा था इस बीच कल शाम को सरपंच पति बद्री ने होटल मालिक को किराए पर दिए होटल को खाली करवाने को कहा था और खाली नहीं करवाने पर होटल को जला देने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद बीती रात 5 बाइक पर सवार होकर आये करीब दो दर्जन हथियार बंद बदमाश होटल पर पहुंचे जहा पर उन्होंने होटल पथराव कर दिया। पथराव होता देख होटल का स्टाफ व ग्राहक जान बचाकर भागे।

वही बदमाशो ने इसके बाद होटल में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान होटल का फर्नीचर, कांच का काउंटर, फ्रीज, फिश एक्वेरियम औरआदि सामान को बदमाशों ने पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। वही होटल मैनेजर का कहना है कि बदमाश कैशकाउंटर से दो से ढाई लाख रुपए भी लूटकर ले गए हैं घटना के बाद सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची तब तक बदमाश फरार हो चुके थे मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी ली। इधर ये पुरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी केमरे में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## शिक्षक के घर में प्रवेश कर जान से मारने की नियत से हमला करने वाले 4 हमलावर गिरफ्तार



**सागवाड़ा।** भीलूड़ा में शिक्षक के घर में प्रवेश कर मारपीट करने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि प्रार्थी सुभाषचन्द्र पिता श्री हरिशंकर जी भट्ट निवासी भीलूड़ा ने सागवाड़ा थाने में रिपोर्ट दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मौके पर पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो के आधार पर मुल्जिमानों का पता लगाया गया। भावेश पिता कुरीलाल बामनिया मीणा उम्र 22 साल निवासी बामनिया फला भीलुडा, पुलिस थाना वासुदेव पिता कांतु कटारा मीणा उम्र 27 साल निवासी सेलाता, सतीष पिता कमलाशंकर उर्फ कमा खांट मीणा उम्र 27 साल निवासी सेलाता और प्रवीण पिता रमणलाल खांट मीणा उम्र 27 साल निवासी सेलाता को डिटेन कर थाने पर लाकर पुछताछ कर गिरफ्तार किया गया है। उक्त चारो मुल्मिानो ने अपने अन्य साथियों के साथ मिल कर उक्त घटना करना स्वीकार किया है। उक्त चारो मुल्जिमानो से पुछताछ व अन्य साथी मुल्मिानों की गिरफ्तारी बाबत प्रयास जारी है।

## शिक्षक परिवार पर हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन

▶असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने की मांग

**सागवाड़ा।**

असामाजिक तत्वों द्वारा शिक्षक सुभाष भट्ट व उसके परिवार जनों पर जानलेवा हमले की जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग को लेकर विप्र फाउंडेशन, शिक्षक समाज और सर्व समाज के पदाधिकारियों ने एसडीएम और नगरपालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शिक्षक सुभाष भट्ट और उनके परिवार के साथ घर में घूस कर मारपीट की गई। वृद्ध मां, उनके भाई व स्वयं सुभाष के साथ मारपीट की। यह एक गंभीर मामला है। उक्त हमले में जितने भी अपराधिक लोग शामिल हैं उन सब पर कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष प्रकाश व्यास, प्रदेश कार्यकारिणी के देवीलालफलोत, डायालाल त्रिवेदी, सुनील पंडया, अनिता पंडया, मुख्य संरक्षक तेज प्रकाश जोशी, जिला महामंत्री कल्पेश रावल, धीरज मेहता,भरत भट्ट, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, महामंत्री प्रदीप गामोठ,जिला उपाध्यक्ष राजेश भट्ट, प्रमोद गामड़ा, कन्हैया लाल व्यास, प्रदीप भट्ट, रमेश भट्ट, मदन मेहता, नरेश भट्ट, चिराग पंडया, दीपक त्रिवेदी, मनोज भट्ट, मनोज दीक्षित, जगदीश मेहता, विश्वास दवे ,भवानीशंकर ब्राह्मण, गोविंद पूजोत ,परेश भट्ट, कविश जोशी, मानशंकर भट्ट, पवन पंडया मौजूद रहें।



### शिक्षक संघ सियाराम ने आक्रोश जताया, सौंपा ज्ञापन

डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के भीलूडा गांव में शिक्षक नेता के घर में घुसकर हमले की घटना पर शिक्षक संघ सियाराम ने आक्रोश जताया है। शिक्षक संघ सियाराम जिला अध्यक्ष विष्णु कटारा के नेतृत्व में शिक्षक आज कलेक्ट्रेट पहुंचे और घटना को लेकर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया।

इधर प्रदर्शन के बाद शिक्षक संघ सियाराम ने एडीएम व एएसपी को ज्ञापन देकर हमले के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

## बांसवाड़ा से गुजरात लकड़ी की तस्करी, चितरी पुलिस ने पकड़ा ट्रक

**विचतरी।**

बांसवाड़ा से अवैध गीली लकड़ी को भरकर गुजरात ले जाते ट्रक को चितरी थाना पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई वन विभाग को दी जाएगी। चालक ने लकड़ियों को बांसवाड़ा के अलग-अलग जगहों से भरकर गुजरात ले जाना बताया। बताया जाता है कि राजस्थान से डूंगरपुर, बांसवाड़ा जिलों से पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों की तस्करी गुजरात में की जाती है। गुजरात में इन लकड़ियों से फर्नीचर बनाया जाता है। चितरी थानाधिकारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि बांसवाड़ा से गीली लकड़ियों से भरा एक ट्रक थाना क्षेत्र से होकर आने की सूचना मिली। जिस पर गलियाकोट चौकी प्रभारी बलभद्र सिंह, कांस्टेबल प्रहलाद सिंह, दिनेशचंद्र की टीम ने गलियाकोट रोड पर नाकाबंदी की। इस दौरान एक ट्रक आता हुआ नजर आया। चालक का रूकवाकर पूछताछ की तो वह सही जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने तिरपाल हटाकर देखा तो ट्रक में गीली लकड़ियां भरी हुई थी। सख्ताई से पूछताछ करने पर ट्रक चालक जीवा कटारा निवासी कटारापाल ने लकड़ियों को बांसवाड़ा के अलग-अलग जगहों से भरकर गुजरात ले जाना बताया। लकड़ी परिवहन को लेकर कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने लकड़ी से भरे ट्रक को जब्त कर चालक जीवाको हिरासत में लिया गया। पुलिस ने लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ने की सूचना घाटा का गांव रेंज सागवाडा के वनपाल संजेश पाटीदार को दी गई। अब वन विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने व गर्भ गिराने के मामले में दोषी को

# 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई

**डूंगरपुर।**

जिले की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने व गर्भ गिराने के मामले में दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है 7 वही दोषी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है 7 विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की 11 मार्च 2020 को सदर थाने में मामला दर्ज हुआ था 7 जिसमे पीडिता की मां ने बताया था की दिसम्बर 2019 में खेरवाड़ा थाना क्षेत्र के पोगरा फला निवासी चेतनलाल उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अहमदाबाद ले गया था 7 जहा आरोपी चेतन ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे गर्भवती कर दिया था वही गर्भ ठहरने पर आरोपी चेतन ने उसका गर्भ गिरवा दिया था 7 जिसके बाद आरोपी चेतन पीडिता को उसके घर के पास छोड़कर चला गया था और पुलिस ने रिपोर्ट देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी 7 पीडिता की मां रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चेतनलाल को गिरफ्तार किया था और पोक्सो कोर्ट में चालान पेश किया था 7 इसी मामले में पोक्सो कोर्ट ने आज अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी चेतनलाल को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है वही दोषी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है 7

## जंगल से आरोपी को पकड़ा, चोरी और लूट की 9 वारदात करना कबूला

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले के निठाउवा थाना पुलिस ने 5 अगस्त को रिछा गांव में एक महिला से चैन स्नेचिंग के मामले में फरार दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। लोहागढ़ के जंगलों में आरोपी को बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी ने चोरी और लूटपाट की 9 वारदात कबूल की है। आरोपी विक्रम शातिर बदमाश है, जिसके खिलाफ सागवाडा, साबला, कोतवाली डूंगरपुर, मोटागांव बांसवाड़ा, पारसोला प्रतापगढ़ में चोरी के प्रकरण दर्ज है। निठाउवा थानाधिकारी अब्दूल रज्जाक ने बताया कि 5 अगस्त को ऋषभलाल जैन निवासी रिछा ने मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसकी पत्नी बसंतमाला घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान एक बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसकी पत्नी के गले से 22 ग्राम सोने की चैन लूटकर फरार हो गए।

## राजस्थान सरकार जल्द करेगी 3500 नए CHO की भर्ती

### 14 नवंबर से राज्य में मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे

**जयपुर।**

राजस्थान सरकार जल्द ही 3500 CHO (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) की नई भर्ती करने की तैयारी कर रही है। इनकी ट्रेनिंग भी इसी महीने से शुरू की जाएगी। ये सभी भर्ती संविदा के आधार पर हुई थीं। चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने बुधवार देर शाम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की थी। इसमें बताया कि इन सभी 7810 CHO की ट्रेनिंग 7 सितंबर से शुरू होगी। इसके अलावा आने वाले समय में प्रदेश की चिकित्सा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 3500 अतिरिक्त CHO की भर्ती प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर 14 नवंबर से पूरे राज्य में बड़े स्तर पर मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंप में पोस्ट कोविड सहित अन्य बीमारियों से पीड़ितों का उपचार किया जाएगा। कैंप में स्क्रीनिंग के साथ ही जांच की भी सुविधा होगी। सभी प्रकार के टीके भी लगाए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों को जरूरी इलाज के लिए एम्बुलेंस के जरिए आस-पास के बड़े हॉस्पिटल में भिजवाने की व्यवस्था की जाएगी। कैंप को लेकर तैयारियां शुरू कर देने के निर्देश दिए गए हैं। करीब एक महीने तक यह कैंप चलेगा।

## पोषण माह और प्रधानमंत्री मातृ वंदना पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ

**सागवाड़ा।**

महिला एवं बाल विकास परियोजना सागवाड़ा प्रथम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी मीनाक्षी वसीटा के तत्वावधान में परियोजना के 221 केंद्रों पर राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ पोषण माह और प्रधानमंत्री मातृ वंदना पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

सीडीपीओ मीनाक्षी वसीटा ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर रंगोली बना कर के दीप प्रज्वलित कर पोषण माह का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं को उनके पास बिठाकर सेल्फी ली जिसे सेल्फी पॉइंट के रूप में साझा किया। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आशा सहयोगिनी और सहायिका और पोषण पंचायतो द्वारा पोषण रैली से पोषण माह की शुरुआत कर पौधरोपण किया। राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत ब्लॉक परियोजना सहायक रंजीता शर्मा ने चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण माह को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया।

## सामान्य से कम बारिश, वागड़ में भी नदियां सुखी



वागड़ के प्रसिद्ध गौरेश्वर में सुखी नदी।

**जयपुर।**

देशभर में इस बार सामान्य से कम बारिश हुई है। अगस्त में सामान्य से 24.1% तक कम बारिश हुई है। पूरे मानसून के दौरान देश में 880 मिमी बारिश होती है। एक जून से 31 अगस्त के दौरान देशभर में सामान्य रूप से 710.4 मिमी बारिश होनी चाहिए, लेकिन इस बार 645 मिमी ही बारिश हुई यानी मानसूनी बारिश में अब तक 9त्न की कमी है। राज्यवार देखें तो अब तक 20 राज्यों में सामान्य से कम बारिश हुई है। गुजरात में सामान्य से 47%, राजस्थान में 10त्न और मध्य प्रदेश में 7% कम बारिश हुई। इधर, बारिश की कमी वागड़ में भी है। वागड़ की नदियां अब भी सुखी है।

# पालिका अध्यक्ष खोडनिया की ठेकेदारों को चेतावनी, निमार्ण में गुणवत्ता नहीं तो भुगतान भी नहीं

## पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**सागवाड़ा।**

सागवाड़ा नगरपालिका के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया बुधवार को शहर के कुछ वार्ड के दौरे पर रहे। यहां पालिका की ओर से चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और ठेकेदारो को निर्देश दिए।

खोडनिया ने ठेकेदार से सीसी सड़क और नाली निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। खोडनिया ने कहा कि निर्माण कार्य रात में किया जाए जिससे की आम लोगों को तकलीफ न हो। पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया और उपाध्यक्ष राजु मामा ने शहर के वार्ड नंबर 21, 17 और 18 का दौरा किया। वार्ड नंबर 21 में खांजी मोहल्ला में सीसी सड़क और नाली निर्माण के कार्य को देखा।



नगरपालिका सागवाड़ा में निर्माण कार्यों का जायजा लेते नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया।

यहां जाकिर भाई ने बताया कि सड़क निर्माण से वार्डवासी संतुष्ट है। खोडनिया ने सड़क पर पानी छिड़कवा और नाली निर्माण के निर्देश दिये। वार्ड17 में पार्षद मीना सेवक की मौजूदगी में नाली निर्माण के कार्य को देखा। यहां निर्माण सही नहीं पाए जाने पर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कहा कि निर्माण सही नहीं हुआ तो भुगतान नहीं किया जाएगा।

वार्ड नंबर 18 के पार्षद संजय जैन ने पालिका अध्यक्ष से सीसी सड़क और नाली निर्माण की मांग की। इस पर खोडनिया ने कहां कि जल्द ही पार्षद की बताई जगह पर सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान पार्षद इंद्रजीत मकवाणा भी मौजूद थे।